**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 05 फ़रवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रयागराज में महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर आस्था की डुबकी लगाई। प्रधानमंत्री ने गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के संगम **त्रिवेणी** पर पूजा-अर्चना भी की।

प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ नौका की सवारी की। उनके महाकुंभ में साधु-संतों से मिलने की भी संभावना है।भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप गत वर्ष दिसंबर में प्रयागराज की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने पांच हजार पांच सौ करोड़ रुपये की 167 परियोजनाओं का उद्घाटन किया था। इससे आम आदमी के लिए संपर्क व्यवस्था और सुविधाएं बेहतर हुई हैं।

***********************************************************************

लोकसभा ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के बाद कल ध्वनिमत से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया । धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने संविधान में निहित मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए अपनी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि संविधान के अनुच्छेदों के अतिरिक्त, इसकी भावना के साथ तादात्मय स्थापित करना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि संविधान के प्रति उनकी सरकार की प्रतिबद्धता उन्हें सशक्ति और जनहितैषी फैसले लेने के लिए प्रेरित करती है।प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने निर्धनों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 25 करोड़ लोगों को गरीबी से उबारा गया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की प्रतिबद्धता, समर्पण और कड़ी मेहनत के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण को प्रेरणास्पद बताते हुए कहा कि

श्री मोदी ने कहा कि उनके कार्यकाल में पूंजीगत व्यय के लिए बजट-आवंटन में काफी बढ़ोतरी हुई है और इसे बढ़ाकर 11 लाख 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की कार्यशैली में पारदर्शिता लाई है, जिससे करोड़ों रुपये की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि सही लाभार्थियों की पहचान से तीन लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है। प्रधानमंत्री ने

कहा कि उनकी सरकार ने देश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके लिए कृत्रिम मेघा का अर्थ सिर्फ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नहीं बल्कि आकांक्षी भारत भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रत्येक क्षेत्र में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को अधिकतम अवसर प्रदान करने के लिए दृढ़ता से काम किया है।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल पिंजौर में सेब, फल एवं सब्जी मंडी तथा गन्नौर में भारत अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के बाद उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर काम पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने गुरुग्राम में फूल मंडी के निर्माण कार्य को भी शुरू करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम के सेक्टर-52 ए में 8.26 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित फूल मंडी के निर्माण से हरियाणा के फूल उत्पादक किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए एक बड़ा बाजार मिलेगा।

*********************************************************************

राष्ट्रीय कैडेट कोर के महानिदेशक द्वारा चंडीगढ़ बटालियन- दो  के दो होनहार एनसीसी कैडेट जहान कुक्कल और पद्मा नामगेल को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर जाने वाले महत्वपूर्ण पर्वतारोहण दल के लिए चुना गया है।दोनों कैडेटों ने हाल ही में 7,335 मीटर ऊँचें माउंट अबीगैमिन  पर पूर्व एवरेस्ट अभियान और दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन (बेस शिविर) में शीतकालीन प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया है। कैडेट जहान कुक्कल ने 6,250 मीटर ऊँचें  माउंट कांग यात्से दो पर एक अभियान भी सफलतापूर्वक पूरा किया। बटालियन के कमांडिंग अधिकारी कर्नल परमजीत सिंह ने कैडेटों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि आगामी माउंट एवरेस्ट अभियान के लिए कुक्कल और नामगेल का चयन युवाओं में सजगता और नेतृत्व की भावना जागृत करने के लिए एनसीसी की प्रतिबद्धता का एक शानदार उदाहरण है।